राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–28 (लो0सू0अ0)/2023–24

डॉ. त्रिलोक झा, पिता–श्री राम कुमार झा, बाबा साहेब, राम संस्कृत महाविद्यालय, पचाढ़ी, दरभंगा–847337

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
22.05.2023	डॉ. त्रिलोक झा, पिता–श्री राम कुमार झा, बाबा साहेब, राम संस्कृत महाविद्यालय, पचाढ़ी, दरभंगा–847337 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–16.05.2023 इस कार्यालय में दिनांक–19.05.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का पोस्टल ऑर्डर संख्या–71C 897361 दिनांक–06.05.2023 संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी डॉ. त्रिलोक झा ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–02.04.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गए सूचना से असंतुष्ट होने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही डॉ. त्रिलोक झा उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–02.04.2023 की प्रति भी संलग्न है। लोक सूचना पदाधिकारी से उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–02.04.2023 से संबंधित अभिलेख की मॉग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–12.06.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। **विशेष कार्य पदाधिकारी** **–सह–** **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

अपील वाद संख्या–28 (लो०सू०अ०) / 2023–24

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
12.06.2023	दिनांक-22.05.2023 को पारित आदेश क्रम में लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना से प्रतिवेदन प्राप्त है। साथ ही अपीलार्थी डॉ. त्रिलोक झा भी उपस्थित हैं। डॉ. त्रिलोक झा द्वारा अपने प्रथम अपील आवेदन दिनांक-16.05.2023 के माध्यम से तीन पत्रों की छाया-प्रति की मांग की थी, जो निम्नवत है:- (1) बिहार एस.यू.-01/2022-561/रा.स.(I) दिनांक-19.04.2023 (2) 1475413/2023/0/OPSG-GS दिनांक-02.01.2023 (3) एस.यू.-01/2022-1224/रा.स.(I) दिनांक-02.11.2022 उपर्युक्त तीनों पत्रों में एक पत्र डायरी संख्या के रूप में अंकित है तथा पत्रांक-1224 दिनांक-02.11.2022 में पत्र संख्या गलत अंकित है चूंकि दिनांक-02.11.2022 को पत्र संख्या 1824 इस सचिवालय से निर्गत हुआ है। इस पत्र की छाया-प्रति उन्हें आज ही उपलब्ध करा दी गयी है। इसके अतिरिक्त उन्हें पत्र संख्या-Univ/Misc-05/2022-439/रा.स.(I), दिनांक-02.11.2023 की छाया-प्रति भी हस्तगत कराई गई। अतः अपीलार्थी डॉ. झा द्वारा प्रथम अपील आवेदन दिनांक-16.05.2023 के माध्यम से किये गये अपील आवेदन तथा दिनांक-02.04.2023 के माध्यम से सीमित पत्रांक-'क' के आलोक में आवश्यक/वांछित कागजात/सूचना उपलब्ध करा दी गयी है। अतः इस अपील आवेदन पर अग्रतर कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। तद्नुसार सभी संबंधित को सूचित करें। 12/6/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी -सह- प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक-....947...   दिनांक- 14.06.2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/डॉ. त्रिलोक झा, पिता-श्री राम कुमार झा, बाबा साहेब, राम संस्कृत महाविद्यालय, पचाढ़ी, दरभंगा-847337 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/6/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी